भारत सरकार
गृह मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1732
दिनांक 02.07.2019/11 आषाढ़, 1941 (शक) को उत्तर के लिए

हिंसा के कारण मौत

†1732. श्री प्रसून बनर्जीः

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हिंसा की घटनाओं में कितने लोग मारे गए हैं और उक्त अवधि के दौरान देशभर में उक्त घटनाओं में कितने लोग मारे गए हैं;
(ख) क्या सरकार ने कानून और व्यवस्था के संबंध में पश्चिम बंगाल सरकार को कोई परामर्श जारी किया है; और
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ग): आम चुनाव 2019 से पहले, उसके दौरान तथा उसके बाद पश्चिम बंगाल में हिंसा की कई घटनाओं के बारे में सूचना प्राप्त हुई है जिसके परिणामस्वरूप राजनीतिक कार्यकर्ताओं सहित कई व्यक्तियों की मौत हुई है तथा कई व्यक्ति घायल हुए हैं। इस मुद्दे पर राज्य सरकार के साथ चिंता साझा की गई थी तथा दिनांक 09.06.2019 को एक परामर्शी पत्र जारी किया गया था, जिसमें राज्य सरकार को राज्य में कानून और व्यवस्था, शांति तथा लोक शांति कायम रखने के लिए कहा गया था।

*****